<u>समाचार</u>

<u>वार्ड क्र. 01, 08 व 12 में किया गया डस्टबिनों का वितरण</u>

<u>(महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने किया डस्टबिनों का वितरण)</u>

कोरबा 09 दिसम्बर 2017—नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 01, 08 एवं 12 में आज डस्टबिनों का वितरण किया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल तथा नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने वार्डो में पहुंचकर वार्डवासियों को हरे व नीले रंग के डस्टबिन प्रदान किए तथा घरों से निकले हुए सूखे व गीले कचरे को इन्हीं डस्टबिन में संग्रहित करने का आग्रह किया।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत नागरिकों को डस्टबिनों का वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कोरबा जोन के वार्ड क्र. 01, 08 व 12 में डस्टबिन वितरण का कार्यक्रम रखा गया था, महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए डस्टबिनों का वितरण किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने वार्डवासियों से आग्रह करते हुए कहा कि आज जो डस्टबिन आपको दिए जा रहे हैं, इन्हीं दोनों डस्टबिन में घरों से निकले हुए सूखे व गीले कचरें को अलग—अलग संग्रहित करके रखें तथा डोर—टू—डोर संग्रहण हेतु आने वाले सफाई मित्र के वाहन में ही कचरे को दें। उन्होने अपील करते हुए कहा कि सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फेंके तथा शहर की साफ—सफाई व्यवस्था में निगम को अपना सहयोग दें।

<u>निगम की सफाई व्यवस्था में हुआ गुणात्मक सुधार</u> — इस अवसर पर नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मार्गदर्शन में निगम की साफ—सफाई व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाया गया है, साफ—सफाई के कार्य बेहतर रूप में संपादित हो रहे हैं। उन्होने कहा कि शहर

को साफ–सुथरा रखने में सभी की सहभागिता व सहयोग अत्यंत आवश्यक है , हम सबका यह दायित्व बनता है कि हम अपने गली, मोहल्ले व शहर को साफ रखने में अपनी–अपनी भूमिका अवश्य निभाएं। उन्होने आगे कहा कि जहां तक नगर निगम कोरबा क्षेत्र के विकास की बात है तो निश्चित रूप से विगत तीन वर्षो के दौरान तेजी के साथ विकास किया गया है, महापौर के मार्गदर्शन में व्यापक पैमाने पर कार्य हुए हैं, सुविधाएं बढ़ी हैं तथा जनसमस्याओं का तेजी से निराकरण किया गया है।

डस्टबिन वितरण कार्यक्रमों के दौरान सभापति धुरपाल सिंह कंवर, एम.आई.सी. सदस्य दिनेश सोनी, वार्ड क्र. 01 के पार्षद रवि महाराज, वार्ड क्र. 08 के पार्षद सुफलदास, वार्ड क्र. 12 के पार्षद राजा गुप्ता, सपना चौहान, संतोष लांझेकर आदि के साथ काफी संख्या में वार्ड के नागरिकगण उपस्थित थे।